रांची, शुक्रवार15 अगस्त 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 129 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net




**छुट्टी की सूचना**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त शुक्रवार को शुभम संदेश कार्यालय बंद रहेगा. अखबार का अगला अंक रविवार 17 अगस्त को आएगा. शुभम संदेश के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभेच्छुओं को शुभम संदेश परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं.

–संपादक

### बिहार एसआईआर पर चुनाव आयोग ने दी दलील, सुप्रीम का निर्देश

# छूटे 65 लाख लोगों का नाम छापें

एजेंसियां। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार एसआईआर मामले में सुनवाई के बाद गुरुवार को चुनाव आयोग को आदेश दिए हैं कि छूटे हुए 65 लाख वोटरों के नाम जिला स्तरीय वेबसाइट पर डाले जाएं और उनकी जानकारी जनता के लिए आसानी से उपलब्ध कराई जाए. अदालत ने व्यापक प्रचार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है.

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि लिस्ट बूथवार बनाई जाए और वोटर इसे इपिक नंबर के माध्यम से चेक कर सके. लिस्ट में नाम न होने का कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाएगा. साथ ही, जनता को यह सुविधा भी दी जाएगी कि वे आधार कार्ड की कॉपी लगा कर अपना दावा कर सकें. जिला स्तरीय वेबसाइट के अलावा, यह जानकारी स्थानीय मीडिया और आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर भी व्यापक रूप से प्रचारित की जाएगी. इससे लोगों को अपने नाम की स्थिति आसानी से पता चल सकेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी.

## बूथ और ब्लॉक ऑफिस पर जानकारी

हर बूथ लेवल ऑफिसर छूटे हुए नामों की लिस्ट पंचायत भवन और ब्लॉक ऑफिस में लगाएंगे, साथ ही नाम छूटने का कारण भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा. जिलावार लिस्ट को राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की वेबसाइट में भी अपलोड किया जाएगा.

**अनुपालन रिपोर्ट और अगली सुनवाई :** हर बूथ लेवल और डिस्ट्रिक्ट लेवल अधिकारियों से अनुपालन रिपोर्ट लेकर सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया जाएगा. अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी. लिस्ट को इपिक सर्चेबल रखा जाएगा, ताकि कोई भी मतदाता आसानी से अपने नाम की पुष्टि कर सके.

**जस्टिस बागची :** ड्राफ्ट सूची में कितने छूट गए.

**आयोग :** 7.24 करोड़ हैं. 65 लाख नहीं हैं. साथ ही, हमने विभाजन भी कर दिया है. 22 लाख लोग मर चुके हैं.

**जस्टिस कांत :** लेकिन बिहार और दूसरे राज्यों में गरीब आबादी है. यह एक सच्चाई है. ग्रामीण इलाकों में अभी समय लगेगा.

**आयोग :** शहरी इलाकों में मतदाताओं को पकड़ना ज़्यादा मुश्किल है. वे ऐसा करना ही नहीं चाहते. आज के बिहार में पुरुषों की साक्षरता दर 80% है. महिलाओं की साक्षरता दर 65% को छू रही है. आज के युवा पहले जैसे नहीं हैं. आज तक, लगभग 5 करोड़ लोग, जिनमें से 1 करोड़ ने दस्तावेज़ जमा कर दिए हैं, 4 करोड़ पहले ही मतदाता सूची में हैं. अब बचे हैं 2.5 करोड़.

**जस्टिस कांत :** लेकिन यह बहुत बड़ा आंकड़ा है.



**आयोग :** जांच चल रही है. बच्चों को बस यह साबित करना है कि उनके माता–पिता वहां हैं. रिश्तेदारी दिखानी है, कोई दस्तावेज़ नहीं. 6.5 करोड़ लोगों को कोई दस्तावेज़ जमा करने की ज़रूरत नहीं होगी.1 अप्रैल, 2025 को कुल 7.89 करोड़ लोग थे. जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या कोई ऐसा इंतजाम यानी मैकेनिज्म है कि लोगों को अपने परिजनों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल होने या ना होने की सूचना मिल सके? आयोग ने कहा कि प्रक्रिया में बूथ लेवल अफसर के साथ राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट भी घर घर जाते हैं. बीएलओ बुनियादी स्तर का सरकारी कर्मचारी होता है.

### हमारे पास निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्तिः ईसीआई

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि उसके पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्ति है. आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक नफरत के माहौल में काम करते हुए शायद ही कोई ऐसा निर्णय हो, जिस पर विवाद न हो. हम राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष में फंसे हुए हैं. अगर वे जीतते हैं तो ईवीएम अच्छी है. अगर वे हारते हैं तो ईवीएम खराब है. बिहार में एसआईआर पर चुनाव आयोग ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार, बिहार में लगभग 6.5 करोड़ लोगों को एसआईआर के लिए कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है.

**नेताओं के आरोपों पर किया पलटवार :** चुनाव आयोग ने एक बार फिर विपक्षी नेताओं के आरोपों पर पलटवार किया है. चुनाव आयोग ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत तमाम नेताओं का नाम लिए बिना कहा कि बिना सबूत आरोप लगाने की बजाय लिखित में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके. चुनाव आयोग का कहना है कि एक व्यक्ति एक वोट का कानून 1951–1952 में भारत के पहले चुनाव से ही अस्तित्व में है. अगर किसी के पास किसी भी चुनाव में किसी व्यक्ति की ओर से दो बार मतदान करने का कोई सबूत है, तो उसे बिना किसी सबूत के भारत के सभी मतदाताओं को 'चोर' बताने के बजाय एक लिखित हलफनामे के साथ चुनाव आयोग के साथ साझा किया जाना चाहिए.

## जम्मू के किश्तवाड़ के चशोती में बादल फटा, 44 शव बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में गुरुवार को मचैल माता मंदिर के पास कुदरत ने कहर बरपाया. यहां बादल फटने से 44 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोगों को अब तक रेस्क्यू किया गया है. ये हादसा हिमालय स्थित माता चंडी के मंदिर की यात्रा के दौरान चिशोती इलाके में हुआ. घटना की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर भेज दिए गए और बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि चिशोती में हुई घटना ज्यादा जनहानि का कारण बन सकती है, उन्होंने कहा कि प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया है और बचाव टीमें मौके पर रवाना कर दी गई हैं. नुकसान का आकलन किया जा रहा है और बचाव एवं चिकित्सा प्रबंधन व्यवस्था की जा रही है. जितेंद्र सिंह ने बताया कि मेरा कार्यालय नियमित रूप से अपडेट प्राप्त कर रहा है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी. -पेज 10 भी देखें

**झारखंड विधानसभा का मामला**

## 22-28 अगस्त तक मानसून सत्र, चार कार्यदिवस होंगे

शुभम संदेश। रांची

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र अब 22 अगस्त से 28 अगस्त तक आयोजित होगा. इस बार सत्र के दौरान कुल चार कार्यदिवस होंगे. 23 अगस्त को शनिवार और 24 अगस्त को रविवार होने के कारण उन दोनों दिनों सत्र नहीं चलेगा. 27 अगस्त को भी अवकाश होगा. गौरतलब है कि मानसून सत्र पहले 1 अगस्त से 7 अगस्त तक निर्धारित किया गया था और इसका शुभारंभ 1 अगस्त को हुआ भी था. हालांकि, 4 अगस्त को दिशोम गुरु और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण सत्र को तत्काल प्रभाव से अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था. सत्र स्थगन के बाद विधानसभा सचिवालय द्वारा संशोधित तिथि जारी की गई है, जिसके अनुसार अब मानसून सत्र 22 अगस्त से पुनः शुरू होगा. इस दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेगी. बता दें 22 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पेश की जाएगी. उसके बाद शोक प्रकाश होगा. इसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रध्दांजलि दी जाएगी. 23 और 24 को अवकाश रहेंगे. 25 को प्रश्नकाल होगा तथा प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर चर्चा की जाएगी. 26 अगस्त को प्रश्नकाल होगा एवं राजकीय विधेयक पेश और पास कराए जाएंगे. 27 को गणेश चतुर्थी की छुट्टी रहेगी. 28 अगस्त को प्रश्नकाल होगा एवं राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे उसके बाद विधानसभा सदस्यों द्वारा अपने-अपने गैर सरकारी संकल्प पेश किये जाएंगे.

## शिल्पा-राज पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

**नयी दिल्ली ।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा एक बार फिर कानूनी पचड़े में पड़ गए हैं. मुंबई के एक बिजनेसमैन ने दोनों पर 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जुहू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. मामला आर्थिक अपराध से जुड़ा होने और रकम 10 करोड़ रुपये से अधिक होने के कारण केस को इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया है. इस मामले पर शिल्पा के वकील ने कहा, मेरे क्लाइंट्स पर लगाए गए आरोप तथ्यहीन और निराधार हैं. यह एक पुराना लेन-देन है, जिस पर 4 अक्टूबर 2024 को एनसीएलडी, मुंबई पहले ही फैसला सुना चुका है.



## स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज शहर के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

# आज शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

शुभम संदेश।रांची

राजधानी रांची शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के लिए 15 अगस्त को ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है. शहर में सुबह 6 से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है. मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर 4 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है. मुख्य अतिथि का कारकेड और वीवीआईपी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था मुख्य मंच के पीछे की गई है. पदाधिकारियों के वाहनों को मुख्य मंच के पश्चिम नीलांबर-पीतांबर पार्क के समीप लगाने की व्यवस्था की गई है. वहीं, वीवीआईपी पास युक्त वाहन मुख्य मंच के पश्चिम में बने पार्किंग स्थल पर पार्क कर सकेंगे. मीडियाकर्मियों के लिए बापू वाटिका के सामने स्थित आर्मी ग्राउंड से सटे स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है. आयोजन स्थल के चारों तरफ 16 जगहों पर ड्रॉप गेट लगाए गए हैं. सभी ड्रॉप गेट पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है. उनको सख्त निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में वाहन सवार को ड्रॉप गेट से आगे जाने की अनुमति नहीं देंगे. मोरहाबादी मैदान स्थित आयोजन स्थल तक सिर्फ पासयुक्त वाहनों को ही आने-जाने की अनुमति दी जाएगी. ट्रैफिक एसपी ने गुरुवार को इस संबंध में जानकारी दी.

**इन जगहों पर बने हैं ड्रॉप गेट**

**डीसी आवास** : वीवीआईपी, अफसर और मीडियाकर्मी का प्रवेश.
**दीनदयाल नगर** : सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित.
**डीसी आवास से आगे मोड़** : वीआईपी, अफसर और मीडिया का प्रवेश.
**स्व. शिबू सोरेन आवास के बगल वाले मार्ग** : वाहनों का प्रवेश वर्जित.
**हॉकी स्टेडियम के पास** और आर्मी मैदान के सामने समारोह में जाने वाले अफसर और मीडिया के वाहनों का प्रवेश.
**सब्जी बाजार मोड़** : समारोह में भाग ट्रांसफार्मर मोड़ : सिर्फ पासयुक्त लेने वाले और पासयुक्त वाहनों का प्रवेश.

**यहां तक आ सकेंगे बड़े वाहन**

रिंग रोड से बोड़या के रास्ते शहर में आने वाले वाहन : बोड़ेया तक.
चाईबासा–खूंटी से शहर की ओर आने वाले वाहन : बिरसा चौक तक.
पलामू–लोहरदगा से शहर की ओर आने वाले वाहन : तिलता चौक तक.
गुमला, सिमडेगा से शहर की ओर आने वाले वाहन : आईटीआई बस स्टैंड तक.
जमशेदपुर से शहर की ओर आने वाले वाहन : नामकुम दुर्गा सोरेन चौक तक.
जमशेदपुर से सदाबहार चौक के रास्ते शहर तक आने वाले वाहन : कुसई घाघरा तक.
पतरातू से कांके रोड होते हुए शहर तक आने वाले वाहन : चांदनी चौक तक.
बूटी मोड़ से बरियातू रोड होते हुए शहर तक आने वाले वाहन : बूटी मोड़ तक.

## शिक्षकों के अंतर-जिला तबादले का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड में शिक्षकों के अंतर-जिला तबादले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. फणींद्र मंडल सहित 48 शिक्षकों ने अपने तबादले के आवेदन खारिज किए जाने को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है. याचिका अधिवक्ता चंचल जैन के माध्यम से गुरुवार को दाखिल की गई है. याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर उनके आवेदन केवल इस आधार पर खारिज कर दिए गए कि उनके जीवनसाथी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं. जबकि सरकार के जारी मेमो नंबर 1607 को 06 जुलाई 2023 में स्पष्ट प्रावधान है कि अनुबंधित कर्मचारी के रूप में कार्यरत जीवनसाथी वाले मामलों को भी दंपती स्थानांतरण श्रेणी में शामिल किया जाएगा. आरोप है कि यह कार्रवाई सरकार की स्वीकृत नीति के विरुद्ध है और समान परिस्थितियों में वर्ष 2024 में कई अन्य शिक्षकों को दंपती स्थानांतरण का लाभ दिया गया है, जबकि याचिकाकर्ताओं को वंचित रखा गया. सभी याचिकाकर्ता वर्तमान में राज्य के विभिन्न जिलों में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं और उन्होंने जीवनसाथी के कार्यस्थल वाले जिले में तबादले के लिए आवेदन किया था. याचिका में हाईकोर्ट से मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि वे स्थानांतरण नीति के अनुसार, उनके आवेदनों पर पुनर्विचार करें और उन्हें भी वही लाभ प्रदान करें जो पहले समान परिस्थितियों वाले शिक्षकों को दिया जा चुका है.

## कल नेमरा में दिशोम गुरु का होगा श्रद्धकर्म

**रांची।** रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में 16 अगस्त 2025 को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन का श्रद्धकर्म कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है. भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रांची ट्रैफिक एसपी की ओर से ट्रैफिक को लेकर जरूरी गाइडलाइन जारी की गई है.

**कहां-कहां लगेगा वाहन प्रतिबंध:**

ओरमांझी ब्लॉक चौक से सिकिदिरी होते हुए गोला (रामगढ़) जाने वाले रास्ते पर सुबह 6:00 बजे से रात 12:00 बजे तक सभी छोटे और बड़े मालवाहक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी.

सिल्ली और मुरी होकर गोला (रामगढ़) जाने वाले मार्ग पर भी सुबह 6:00 बजे से रात 12:00 बजे तक मालवाहक वाहनों का प्रवेश और परिचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा.

रांची ट्रैफिक पुलिस ने आम लोगों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस दिन इन मार्गों से यात्रा करने से बचें और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें. श्रद्धकर्म कार्यक्रम को शांति और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए यह कदम उठाया गया है. सबको नियम का पालन करना होगा.

## हाईकोर्ट: जेपीएससी संयुक्त सिविल परीक्षा में पांच सीटें रखें रिजर्व

**रांची।** हाईकोर्ट ने जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा 2023 के रिजल्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की. गुरुवार को दिव्यांग कोटे के अभ्यर्थी राहुल वर्धन की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सरकार को अगले आदेश तक पांच सीटों को रिजर्व रखने को कहा. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 13 पद थे. लेकिन सिर्फ 8 पदों पर ही नियुक्ति हुई है. जिसके बाद कोर्ट ने पांच सीटों पर नियुक्ति नहीं करने का निर्देश देते हुए जेपीएससी और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव सिन्हा और रोहित सिन्हा ने बहस की. दरअसल झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस परीक्षा 2023 के लिए फरवरी 2024 में आवदेन लिए थे. इसके तहत डिप्टी कलेक्टर के 207 और डीएसपी के 35 पद समेत कुल 342 वैकेंसी निकली थी. भर्ती में उम्मीदवारों को उम्र में 7 साल की छूट दी गई थी. रिक्त पदों में 155 पद अनारक्षित थे. जेपीएससी ने पिछले महीने ही परीक्षा का रिजल्ट जारी किया था.

## सामाजिक जागरूकता

15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।

1. सड़क सुरक्षा के लिए प्रतिज्ञा लें. यातायात नियमों का पालन करें एवं स्वयं तथा परिवार को सुरक्षित रखें।
2. डायन कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप है, ओझा-गुणी, डायन तथा अंधविश्वास है, इससे दूरी बनाये रखें।
3. नशा-पान समाज में फैली व्यापक कोढ़ के समान है। अतः किसी भी प्रकार की नशा से दूर रहें एवं अपने भविष्य को उज्जवल करें। कहीं भी नशे के सामग्रियों की खरीद-बिक्री होती है तो इसकी सूचना तत्काल अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अथवा पुलिस अधीक्षक को दें।
4. किसी भी प्रकार के अनजाने लिंक को टच ना करें। मैसेज भेजकर सोशल मीडिया पर/ फेक वेबसाइट बनाकर/पॉलिसी रिन्यूवल के नाम पर/ऑनलाइन धोखाधड़ी/क्रेडिट कार्ड/साईबर पोर्नोग्राफी इत्यादि से ठगी।

यदि मोबाईल पर इस प्रकार की सूचना अथवा खाता बंद होने की सूचना बिजली, बिल भुगतान करने की सूचना से संबंधित कोई भी कॉल आता हो और ओ.टी.पी. की मांग की जाती है, तो किसी भी स्थिति ओ.टी.पी. शेयर ना करें एवं इस प्रकार की सूचना का सत्यापन स्थानीय बैंक/बिजली ऑफिस/संबंधित कार्यालय से तुरंत करें। किसी भी प्रकार के वित्तीय साईबर अपराध घटित होने की स्थिति में इसकी सूचना तत्काल ई-सुरक्षा चक्र साईबर हेल्पलाईन-1930 पर दर्ज करायें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गुमला।

79 वें स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
जुनैद अनवर
वरिष्ठ नेता, झारखंड मुक्ति मोर्चा, बालूमाथ, लातेहार.

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनिरुद्ध चौबे
सदस्य विकास समय एवं निगरानी समिति गुमला

79 वें स्वतंत्रता दिवस की बालुमाथ वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
M/S उपकार इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड
बालूमाथ, लातेहार.

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राकेश लाल
पालकोट रोड गुमला

होटल दी पार्क स्ट्रिट
हटिया स्टेशन रोड
बिरसा चौक
रांची, झारखंड - 834003
79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

79 वें स्वतंत्रता दिवस की बालुमाथ वासियों को हार्दिक शुभकामनायें
निशांत राज
कृति सिंह
बारियातू, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं!
राम जी तिवारी

GGSESTC
GURU GOBIND SINGH EDUCATIONAL SOCIETY'S TECHNICAL CAMPUS
A Fifth Generation Engineering College with NAAC Accreditation
Registration Open for
B.Tech.
M.B.A.
B.B.A. & B.C.A.
Diploma In Engineering
NOTE : PLEASE REFER OUR WEBSITE FOR MORE DETAILS
www.ggsestc.ac.in info@ggsestc.ac.in
06542-265293 | 7992284995 | 7992415822 | 9822732264

झारखण्ड हॉस्पीटल
MOB : 9470518783, 8084733013
N.H.-33, निकट ब्लॉक ऑफिस, रामगढ़ कैन्ट
की ओर से समस्त भारतवासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं।

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक उराँव
प्रदेश महामंत्री, भारतीय किसान संघ झारखण्ड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रमोद यादव
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सतबरवा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कमलेश प्रसाद
समाजसेवी सतबरवा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दुलाल कुमार महतो
ओपी तुपूदाना

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री लालमोहन यादव
रिमी पंचायत समिति

स्वतंत्रा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मानसिक विकारों एवं रिनपास में उपलब्ध सेवाओं से संबंधित जानकारी के लिए
Helpline No : 9471136697
14499
18003454060
रिनपास का गौरवशाली
100 YEARS
1925 - 2025
Speciality Clinics at J.E. Dhunjibhoy Academic and Research Centre, RINPAS
1. Tele Mental Health Centre (Toll Free Helpline No. 14499)
2. Child and Adolescent Guidance OPD Centre
3. Child and Adolescent Psychiatry OPD Centre
4. Psychological Advice Centre
5. Psychosocial Advice Centre
DIGITAL ACADEMY

झारखण्ड सरकार
राँची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान
रिनपास
काँके, राँची- 834006
सन् 1925 से सेवारत
मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान
आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन
अपनी समस्याओं के समाधान एवं अन्य जानकारी के लिए
HELPLINE NO. 9471136697 पर संपर्क करें.
रिनपास में मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्तियों को भर्ती कर उनके उपचार करने की सुविधा भी उपलब्ध है।
वाह्य चिकित्सा विभाग की सुविधाएं
• मानसिक बीमारियों का इलाज
• आँख एवं दाँत से संबंधित बीमारियों की जाँच एवं इलाज
• सामान्य बीमारियों का इलाज, फिजीओथेरेपी
• मिर्गी एवं नशा मुक्ति के संबंध मे चिकित्सकीय परामर्श एवं इलाज
• वैवाहिक जीवन मे उत्पन्न तनाव, उलझनों एवं विविध समस्याओं के लिए परामर्श
• स्त्री रोग से संबंधित महिलाओं का इलाज स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा किया जाता है
• बाल एवं किशोर परामर्श
दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत बौद्धिक दिव्यांगता (Intellectual Disability), विशिष्ट सिखने की दिव्यांगताओं (Specific Learning Disability), स्वपरायणता स्पेक्ट्रम विकार (Autism), मानसिक रोग (Mental illness) के प्रमाण पत्र के मूल्यांकन की सुविधा रिनपास में उपलब्ध है।
रिनपास में मानसिक बीमारियों के एवं नशामुक्ति नि:शुल्क उपचार के लिए निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है
• तनाव प्रबंधन और मनोदैहिक क्लिनिक
• वैवाहिक और परिवार परामर्श क्लिनिक
• महिला मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
• नशामुक्ति क्लिनिक (दवा और प्रौद्योगिकी)
• वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
• बाल और किशोर मार्गदर्शन क्लिनिक
• मनोसामाजिक मार्गदर्शन क्लीनिक
• कानूनी सलाहकार केंद्र
• आत्महत्या रोकथाम सहायता केंद्र
आम जनता से आग्रह है कि रिनपास में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठायें
• One Stop Crisis Center (सखी) प्रताड़ित महिलाओं की सेवा मे 24 घंटे तत्पर। (महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित)
• विधिक, शारीरिक मनोवैज्ञानिक सहायता नि:शुल्क उपलब्ध।
• संस्थान मे आधुनिक सुविधाओं के लिए पेइंग वार्ड की भी व्यवस्था है।
अति अल्प दर पर रिनपास में जाँच की सुविधाएं
• आम पैथोलॉजी जाँच अत्याधुनिक कम्प्युटरीकृत यंत्रों द्वारा अति अल्प समय में।
• विभिन्न तरह के मनोवैज्ञानिक जाँच जैसे बुद्धि परीक्षण व्यावसायिक अभिरुचि परीक्षण, डाइग्नोस्टिक परीक्षण इत्यादि।
• बायोफीडबैक एवं एर्स्टन मशीन द्वारा नींद न आना, हमेशा सिर दर्द रहना, मानसिक तनाव, यौन संबंधी बीमारी का इलाज।
मानसिक रोगियो के लिए नि:शुल्क दवा उपलब्ध | BPL मरीजो के लिए सभी प्रकार की जाँच एवं इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।
रिनपास, काँके, राँची-834006 | www.rinpas.nic.in | director- rinpas@jharkhandmail.gov.in | @director_rinpas

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

पेज 12

रांची, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 I भद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 129 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# उपायुक्त करेंगे रणधीर वर्मा स्टेडियम में झंडोत्तोलन



■ राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का अनुरोध

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा. उपायुक्त आदित्य रजन सुबह 9:00 बजे शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में झंडोत्तोलन करेंगे. इसके बाद एसएसपी प्रभात कुमार के साथ परेड की सलामी लेंगे. डीसी अपने आवासीय कार्यालय में सुबह 8:00 बजे तथा समाहरणालय में सुबह 10:00 बजे झंडोत्तोलन करेंगे. वहीं सुबह 10:20 बजे अनुमंडल कार्यालय, 10:30 बजे मिश्रित भवन, 10:40 बजे गांधी सेवा सदन, 10:50 बजे रेड क्रॉस सोसायटी तथा 11:00 बजे पुलिस लाइन में झंडोत्तोलन किया जाएगा.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा. मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, सीआईएसफ, आरपीएसएफ, जैप 3, जिला सशस्त्र पुलिस बल (पुरुष), जिला सशस्त्र पुलिस बल (महिला), गृहरक्षक वाहिनी, ग्रामीण पुलिस, एनसीसी (पुरुष), एनसीसी (महिला), भारतीय स्काउट एंड गाइड सहित 11 प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगे.

### उपायुक्त ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

## जिला स्तरीय समारोह में शामिल होने का दिया आमंत्रण

उपायुक्त आदित्य रजन ने संदेश जारी कर राज्य सरकार व जिला प्रशासन की ओर से जिले वासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आजादी के महापर्व के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भी जिले वासियों को दिया।

उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9 :00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद परेड की सलामी ली जाएगी। तत्पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने आजादी के महापर्व के पावन अवसर पर देश के राष्ट्रीय ध्वज का ध्यान रखने और उसका सम्मान करने का भी अनुरोध जिले वासियों से किया।

# फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय को गोली मारी, हालत गंभीर

शुभम संदेश। गोविंदपुर



कालाडाबर ग्राम पंचायत के खाड़ेडीह मोड़ पर गुरुवार देर शाम अज्ञात अपराधियों ने सीएसपी संचालक व फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय सुरेश सोरेन (32) को गोली मार दी. गंभीर रूप से घायल सुरेश को तत्काल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है.

घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पंचायत की मुखिया सावित्री टुडू ने इस वारदात की पुष्टि की. वहीं, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-1 शंकर कांति कामती भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी रात कैंप किया गया.

बताया गया कि दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधी सुरेश की सीएसपी पर पहुंचे, दो आगे और दो पीछे खड़े थे. अचानक गोली चलाकर फरार हो गए. फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस को आशंका है कि मामला साइबर ठगी से जुड़े पैसों के लेनदेन का हो सकता है. घायल सुरेश ही घटना की अहम कड़ी हैं, लेकिन वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है. पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी. पुलिस अपराधियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परिचारी प्रवर
पुलिस केन्द्र, बोकारो

# गार्ड की वर्दी में चोरों ने कर्मियों को बंधक बनाकर लूट लिया 80 फीट केबल

■ सीआईएसएफ जवान भी खा गए चकमा, हैरान रह गए कर्मी

शुभम संदेश। झरिया

झरिया के भौरा पूर्वी क्षेत्र स्थित 37/38 नंबर खदान में केबुल चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने इस बार गार्ड की वर्दी पहनकर न सिर्फ खदान में धावा बोला, बल्कि ड्यूटी पर मौजूद आठ कर्मचारियों को बंदूक की नोंक पर बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया और 70-80 फीट लंबा केबुल काटकर फरार हो गए. घटना बीती रात की है. लगभग 15-20 की संख्या में आए चोरों का गिरोह दो हिस्सों में बंट गया—एक हिस्सा खदान के भीतर केबुल काटने में लग गया, जबकि बाकी चोर वर्दी पहनकर ऊपर गश्ती करते रहे ताकि शक न हो. इसी बीच सीआईएसएफ की पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन वर्दीधारी चोरों ने टॉर्च से इशारा कर यह जताया कि स्थिति सामान्य है. गार्ड की वर्दी में देखकर सीआईएसएफ भी भ्रमित हो गई और बिना जांच किए लौट गई.

इसके बाद चोरों ने बेखौफ होकर खदान के भीतर से केबुल काटा और उसे 407 वाहन में लादकर चलते बने. यह पहला मामला है जब खदान में वर्दी पहनकर इतनी बड़ी चोरी को इतनी चतुराई से अंजाम दिया गया.

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Sampriti Family Restaurant & Hotel
ramkanali, near new nirsa police station

खान श्रमिक कांग्रेस (भामस) की ओर से कोयलांचल वासियों अधिकारियों एवं कोयला श्रमिकों को 79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मृत्युंजय सिंह
महामंत्री

# आउटसोर्सिंग में स्थानीय को काम और वेतन मुद्दों पर जीएम से वार्ता

### संयुक्त मोर्चा की दो दिवसीय बंदी वार्ता के बाद समाप्त

शुभम संदेश। धनबाद

लोयाबाद। सिजुआ एरिया में संयुक्त मोर्चा का दो दिवसीय आंदोलन गुरुवार को वार्ता के बाद समाप्त हो गया. मोर्चा नेताओं की बैठक सिजुआ जीएम निर्झर चक्रवर्ती और अन्य अधिकारियों के साथ कनकनी में हुई,जिसमें प्रमुख समस्याओं और मांगों पर चर्चा हुई. भाजपा सांसद ढुलू महतो के समर्थक मनोज मुखिया की अगुवाई में कनकनी, बांसजोड़ा, बासदेवपुर, लोयाबाद समेत सभी कोलियरियों में भूधंसान, विस्थापन, पानी-बिजली आपूर्ति और लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई गई. कनकनी राम अवतार आउटसोर्सिंग में 75 प्रतिशत स्थानीय को नियोजन, हिलटॉप में नियोजन, एचपीसी का भुगतान और बांसजोड़ा आउटसोर्सिंग की तरह मजदूरों का वेतन देने की मांग रखी गई. जीएम ने सभी मांगों को संबंधित कंपनी व विभाग से पूरा करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद नेताओं ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया.

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज सिंह
अध्यक्ष
जनता मजदूर संघ
(असंगठित)
सचिव
जनता मजदूर संघ
(संगठित)

मुगमा

vedanta
transforming for good
ESL STEEL LIMITED
V-XEGA TMT BAR
V-DUCPIPE DI PIPES
V-WIRRO WIRE RODS
कौशल युवा, बुलंद झारखंड।
झारखंड के युवा को सशक्त बनाकर, एक मजबूत कल का निर्माण!
ईएसएल स्टील लिमिटेड का मानना है कि कुशल युवा ही नए भारत की नींव हैं। 'वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल' और 'प्रोजेक्ट शिक्षा' जैसी पहलों के माध्यम से, हम झारखंड के कौशल युवा को सशक्त बना रहे हैं, ताकि वे एक 'बुलंद झारखंड' का निर्माण कर सकें।

#BULANDJHARKHAND

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
GSTIN No. 208DGPA9041R2ZH
HP
AKASH HP FUELS
DEALER IN HIDUSTAN PETROLEUM LIMITED
Address:- Barwa East Tetulia G.T. Read
Near Bharat Kanta Tetulia, Nirsa Dhanbad, Jharkhand, Pin-828205


# अंतरराज्यीय गिरोह के चार मोबाइल चोर गिरफ्तार



शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त और रेल पुलिस अधीक्षक, धनबाद के निर्देश में सीआईबी, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त गश्ती दल ने एक अंतरजिला मोबाइल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया. गश्ती दल ने प्लेटफॉर्म नंबर 3 के पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति को चोरी के एक मोबाइल और 3,530 रुपये नकद के साथ पकड़ा. उसकी निशानदेही पर जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र से तीन अन्य अभियुक्तों, जिनमें दो चोर और एक रिसीवर शामिल हैं, को 10 चोरी हुए स्मार्टफोन और 6 पुराने मोबाइल डिस्प्ले के साथ गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे मधुपुर से कोडरमा रेलवे स्टेशनों के बीच ट्रेनों और स्टेशनों पर सो रहे यात्रियों के मोबाइल चुराते थे. सेमसंग, रियलमी, वीवो सहित कई कंपनियों के मोबाइल सहित बरामद सामान का कुल अनुमानित मूल्य लगभग 3,18,530 रुपये है. गिरफ्तार अभियुक्तों में जमशेद अंसारी (26 वर्ष), सौफीक अंसारी उर्फ सोफी (19 वर्ष), समशेर अंसारी (26 वर्ष), और सबीर अंसारी (30 वर्ष), सभी नारायणपुर, जामताड़ा के निवासी हैं. दो अभियुक्त, रफीक अंसारी उर्फ हथिया (28 वर्ष) और लालू अंसारी (32 वर्ष), फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है. चोरी हुए एक मोबाइल का मालिक कृष्णा चन्द्र पाण्डेय (34 वर्ष), हरनगरा, चेनारी, रोहतास, बिहार है, जो ट्रेन संख्या 12307 हावड़ा-जोधपुर में हावड़ा से सासाराम यात्रा कर रहे थे. अन्य मोबाइलों के मालिक अज्ञात हैं. बरामद सामान को जब्त कर अभियुक्तों के खिलाफ राजकीय रेल थाना में कांड संख्या 78/25, धारा 303(2), 317(5), 3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया. जांच SI रामलखन यादव को सौंपी गई है.

# कतरास एरिया 4 में निकली तिरंगा यात्रा



शुभम संदेश। तेतुलमारी

बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 के जीएम राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय पर्व को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई. कतरास क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक पदाधिकारी अशोक कुमार, वरीय कार्मिक पदाधिकारी राणा एसके सिंह, उमंग कुमार ठक्कर, यूनियन प्रतिनिधि चन्दन महतो, हरेंद्र सिंह, संतोष कुमार सिंह, राजू सिंहराम, रूप गोप आदि उपस्थित थे.

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को धनबाद समाहरणालय में दी श्रद्धांजलि



शुभम संदेश। धनबाद

पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया. उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार सहित सभी वरीय पदाधिकारियों व कर्मियों ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. उपायुक्त ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन भारत की आदिवासी चेतना के महानायक थे. उनका संघर्ष, बलिदान व नेतृत्व सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा. झारखंड की माटी के कण-कण में जीवंत रहेंगे. श्रद्धांजलि सभा में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बावरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद के अलावा अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यालय प्रमुख, कर्मचारी आदि मौजूद थे.

### जिला प्रशासन व ईसीआर ने संयुक्त रूप से किया अंडरपास का निरीक्षण

# गया पुल अंडरपास में नाली रिपेयरिंग के बाद लगाए जाएंगे पेवर ब्लॉक

- गया पुल अंडरपास के दोनों हिस्से की सड़क का समतलीकरण पूरा



शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर गया पुल अंडर पास का मरम्मती कार्य मंगलवार मध्य रात्रि से शुरू हुआ. कार्य के पहले चरण में श्रमिक चौक से बैंक मोड़ की ओर जाने वाले हिस्से का समतलीकरण किया गया. वहीं बीती रात बैंक मोड़ से श्रमिक चौक की ओर जाने वाले हिस्से का समतलीकरण किया गया. जो आज सुबह लगभग 5:00 बजे पूरा हुआ. पथ निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीन लगाकर समतलीकरण कार्य शुरू किया. इस दौरान लगभग 45 मीटर लंबे हिस्से से मलवा हटाकर सड़क का समतलीकरण किया गया.

इधर डीसी के निर्देश पर गया पुल अंडरपास में पेवर ब्लॉक बीछाने को लेकर गुरुवार शाम पथ निर्माण विभाग ने पूर्व मध्य रेलवे (ई.सी.आर.) के पदाधिकारियों के साथ अंडरपास का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि सड़क पर बिछाने के लिए पेवर ब्लॉक तथा बालू की आपूर्ति हो चुकी है. परंतु अंडरपास में आसपास की नालियों का पानी बहकर आ जाता है. इसके कारण पेवर ब्लॉक लगाने का काम नहीं हुआ.

इस समस्या को दूर करने के लिए पथ निर्माण विभाग एवं पूर्व मध्य रेलवे ने संयुक्त रूप से अंडरपास का निरीक्षण किया. निरीक्षण में पाया गया कि नालियों की मरम्मती कर पानी को अंडरपास में आने से रोका जा सकता है.

आरसीडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पहले नाली को रिपेयर किया जाएगा. यह सुनिश्चित करने के बाद कि नाली का पानी अंडरपास में नहीं आता है, पेवर ब्लॉक बिछाने का काम शुरू किया जाएगा.

निरीक्षण में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री मिथिलेश पसाद, सहायक अभियंता जितेंद्र मिश्रा व नदीम अख्तर, पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर डी.ई.एन. (कोऑर्डिनेशन) प्रदीप कुमार, सीनियर डी.ई.एन. (स्टेट) रामचंदर राव तथा ए.ई.एन. ओ.पी. सिंह मौजूद थे.

# हाइवा की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर घायल

### विरोध में ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप



**झरिया (शुभम संदेश)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के गौरखुट्टी में गुरुवार को तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की पहचान नुनुडीह निवासी प्राण महतो (40) और विजय महतो (50) के रूप में हुई है. दोनों पेशे से हलवाई हैं और 15 अगस्त के कार्यक्रम के लिए बुंदिया बनाने मोहलबनी से भौंरा जा रहे थे. इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को भौरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया. घटना की जानकारी मिलते ही झरिया के पूर्व विधायक के समर्थक मौके पर पहुंचे और आक्रोश में ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद करवा दिया. उन्होंने हाइवा चालकों की स्पीड नियंत्रित करने, अनुभवहीन चालकों पर रोक लगाने और घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की मांग की. प्रदर्शन में सुबोध सिंह, चंदन महतो, शिव प्रकाश सिंह, हरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव सहित कई लोग शामिल रहे.षइधर, सुदामडीह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक हाइवा को जब्त कर लिया है. घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल है.

## जनवितरण दुकान से हजारों के सामान की चोरी

**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** चिरकुंडा स्थित गोस्वामी पाड़ा में बुधवार की रात्री चोरों ने जनवितरण दुकान के दरवाजा का ताला तोड़कर हजारों रू के सामान की चोरी कर ली.इस संबंध में राशन दुकानदार इन्द्र प्रसाद साव ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है.पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.साव ने बताया कि जब वे सुबह दुकान खोलने आए तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है व दुकान से चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 50 केजी का 7 बोरा चावल,17 पाकेट 1 केजी वाला दाल,एक वाल फैन व एक टेबल पंखा की चोरी कर ली है.

# अग्रसेन सविमं चिरकुंडा में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता



**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर नीचे बाजार चिरकुंडा में गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मुख्यअतिथि कुमुद गढ़याण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. विद्यालय सचिव निलय गढ़याण,प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा, बबिता गढ़याण, ममता गढ़याण, प्रीति गढ़याण, रीता गढ़याण,सारिका गढ़याण आदि साथ थे. कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई. प्रथम स्थान पर देवंशी सिंह, द्वितीय स्थान अनन्या कुमारी एवं तृतीय स्थान में आदित्य राव ने प्राप्त किया. वहीं बाबुडंगाल शाखा से प्रथम स्थान दृष्टि टुडू , द्वितीय स्थान शांतनु कुमार,एवं तृतीय स्थान हरमन कौर ने प्राप्त किया. सम्पूर्ण कार्यक्रम विधालय के उपप्राचार्य सुनीता राय के देख देख में हुआ. कार्यक्रम में अभिभावक अपने अपने प्रतियोगी के साथ उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा शर्मा ने किया.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम आनंद
निरसा सीओ

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश हेलीवाल
सचिव
धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार शर्मा
समाजसेवी सह आरटीआई एक्टिविटिस्ट
प्रखंड- तिसरी, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कोमल अग्रवाल
गृहिणी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Subhashis mukherji
Area secratory
KKSC
BCCL CV area XII

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवर्तमान पार्षद राममूर्ति उर्फ छोटू सिंह जिंदाबाद
अमन सिंह
सामाजिक कार्यकर्ता, तेतुलमारी
वेस्ट मोदीडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक अग्रवाल
युवा व्यवसाई और समाजसेवी,
झरिया (धनबाद)।

15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू सिंह
पूर्व पार्षद तृणमूल कांग्रेस

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक चौधरी
थाना प्रभारी तेतुलमारी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
15 AUGUST
इंद्र लाल ओहदार
निरसा प्रखंड पदाधिकारी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भाजपा जिंदाबाद सुभाष राय जिंदाबाद
दीपक तिवारी
भाजपा युवा नेता
कोयरीडीह कतरास

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राधा सिंह
तृणमूल पार्षद
आसनसोल नगर निगम, बराकर वार्ड 68

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मनमोहन राय
कुल्टी ब्लॉक भाजपा मण्डल 4
अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामजीत टुडू
सचिव बाघमारा प्रखंड
सोनोत संथाल समाज सह वरिष्ठ झामुमो नेता बरोरा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश्वर साव
अधिवक्ता
आसनसोल जिला कोर्ट

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Sukant das
Presiden
Kulty blok Congress

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद लकड़ा
प्रभारी कपूरिया ओपी

15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निर्झर चक्रवर्ती
महाप्रबंधक
बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पायल एंड पल्लवी
बासनालाय
केंदुवा कुल्टी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Biman datto
President
Kulty blok trinmul youva Congress

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा ही लक्ष्य (झारखंड पुलिस धनबाद)
पीकू प्रसाद
(थाना प्रभारी लोयाबाद)

# पूजा टेंट हाउस में लाखों की चोरी, ग्रामीण भयभीत



**शुभम संदेश। तालगड़िया**

चास मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के पंचायत बिजुलिया के गाँव सिंहडीह मोड़ पर स्थित जगदीश महतो पूजा टेंट हाउस में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर दो लाख से अधिक मूल्य के डीजे मशीन (बाजा) और अन्य सामान चोरी कर लिया. दुकान मालिक जगदीश महतो ने सुबह घटना का पता चलते ही पंचायत मुखिया बासुदेव राजवार और थाना को सूचना दी. सूचना मिलने पर मुखिया और पुलिस मौके पर पहुँचे तथा जाँच-पड़ताल में जुट गए. उधर, चोरों ने अमृत महतो के घर में घुसकर सात हजार रुपये मूल्य का बकरा भी चोरी कर लिया, जिसे अमृत महतो ने बुधवार को ही काशीझरिया हाट से खरीदा था. वहीं, चिकनटांड़ सिंहडीह मोड़ पर अर्जुन महतो की दुकान में चोरी का प्रयास किया गया, जो असफल रहा. लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों ने प्रशासन से गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ाने की मांग की है.

## बेंगाबाद के दो स्कूलों में चोरी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड में बीती रात चोरों ने दो विद्यालयों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया. पहला मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिला का है, जहां 13 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने सात कमरों का ताला तोड़कर 6 क्विंटल चावल, 40 किलो दाल, एक टीन तेल, दो गैस सिलेंडर, खेल सामग्री, 56 थालियां, एक ओखली सेट, दो बाल्टियां, एक डेग, तीन पंखे तथा लाइब्रेरी कक्ष से 20 पुस्तकें चोरी कर लीं. दूसरा मामला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजनटोला, गंगटी पंचायत गोलगो का है. यहां चोरों ने डेग, बाल्टी, गैस चूल्हा और लगभग डेढ़ क्विंटल चावल समेत मिड-डे मील से जुड़ा पूरा सामान उड़ा लिया. दोनों मामलों में विद्यालय प्रबंधन समितियों ने थाना प्रभारी बेंगाबाद को आवेदन देकर शीघ्र जांच कर दोषियों को पकड़ने की मांग की है. लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों और शिक्षकों में दहशत का माहौल है.

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**शुभम संदेश। दुमका**



जिले शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के अम्बाजोड़ा रेल ब्रिज के समीप बाइक दुर्घटना में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक नन्दलाल मुर्मू की मौत हो गई. दरअसल शिक्षक नन्दलाल मुर्मू (32) बाइक चलाकर अपने शिकारीपाड़ा स्थित आवास उत्क्रमित मध्य विद्यालय रांगा जा रहे थे. जब वे अम्बाजोड़ा रेल ब्रिज के पास पहुंचे तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इसमें उनकी छाती और शरीर के अन्य जगहों पर अंदरूनी चोटें आईं. दुघर्टना के बाद घायल शिक्षक ने खुद चिल्लाकर लोगों को बुलाया. आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए और उन्हें मोहलपहाड़ी क्रिश्चियन अस्पताल में भर्ती कराया. जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई. मौके पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा दिया है. वहीं डाक्टरों का कहना है कि बाहर से कोई गम्भीर चोट का निशान नहीं है, ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि मौत की वजह क्या थी. उल्लेखनीय है कि शिक्षक शादीशुदा थे और उसके दो छोटे बच्चे हैं. मामले को लेकर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज किया जाएगा.

## गिरिडीह झंडा मैदान में मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा शहर के झंडा मैदान में मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शुक्रवार सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन करेंगे. इससे पूर्व वे सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर परेड का निरीक्षण करेंगे.सुबह 9:10 बजे मंत्री सोनू का अभिभाषण होगा और 9:30 बजे वे प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान पत्र वितरित करेंगे. मुख्य समारोह की सफलता के लिए झंडा मैदान में भव्य तैयारियां की गई है.डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ. विमल कुमार दो दिन पूर्व ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले चुके हैं.

## एनजी प्लस टू उच्च विद्यालय में शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**शुभम संदेश। पथरगामा**

एनजी प्लस टू उच्च विद्यालय, पथरगामा में गुरुवार को झारखंड की राजनीति के पुरोधा एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया. जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दिशोम गुरु की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई. इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकगणों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष पांडे ने इस अवसर पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवन संघर्ष, राजनीतिक यात्रा एवं झारखंड के निर्माण में उनके योगदान की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी. उन्होंने कहा कि गुरुजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा. शिक्षक नचिकेता कुमार ने जानकारी दी कि जामताड़ा जिले के चिरुडीह गांव में उनकी स्मृति में 'स्टैचू ऑफ स्ट्रगल' की स्थापना की जाएगी, जो उनके त्याग, संघर्ष और जनजातीय समुदाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा. श्री सोरेन झारखंड की राजनीति के केंद्र बिंदु माने जाते थे. अलग झारखंड राज्य की स्थापना में उनका अहम योगदान था.

## डीएवी सेक्टर-4 ने जवानों के संग मनाया आजादी का जश्न

**शुभम संदेश। बोकारो**

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर डीएवी सेक्टर-4 ने नौसेना के तीन पूर्व सैनिकों को विद्यालय के बच्चों के साथ आजादी का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित किया. इन वीर सपूतों ने अपने अदम्य साहस, शौर्य और जज़्बे से देश की रक्षा में जो मिसाल पेश की, उसे बच्चों ने प्रत्यक्ष रूप से सुनकर अनुभव किया. उद्देश्य था कि छात्र उनके जीवन के अनुभवों और चुनौतियों को आत्मसात करें तथा मातृभूमि के प्रति प्रेम, निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी का भाव सीखें. नौसेना के पूर्व सैनिक राकेश मिश्रा, नीरज तिवारी और रोहित कुमार ने देश पर आए आकस्मिक संकटों और आतंकवादी घटनाओं में दुश्मनों को करारी शिकस्त देकर भारत की अस्मिता की रक्षा की तथा निर्दोष लोगों के प्राण बचाए. उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए राष्ट्र के प्रति धर्मपालन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया. इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक भावपूर्ण नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की. इसमें पड़ोसी शत्रु देश द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किए गए प्राणघातक हमलों और उसके जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए दंडात्मक अभियान का चित्रण किया गया.


























































# झामुमो महानगर समिति ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि

शुभम संदेश। धनबाद



झामुमो धनबाद महानगर समिति के नेतृत्व में झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंड के महानायक आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतिक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्मरण में जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक में शोक सभा का आयोजन किया. गुरुजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए नमन किया गया कार्यक्रम में उपस्थिति टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, झरिया के पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य रमेश टुडू, केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा, संगठन सचिव मनोज रवानी, राज आनंद सिंह, प्रवक्ता समीर रवानी, महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान, सचिव रामू मंडल, प्रवक्ता आकाश रवानी, उपाध्यक्ष बंटी सिंह, मिहिर दत्ता, वकील दास, राजू प्रामाणिक, हरेंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संगठन सचिव राजेश तुरी, जुबैर अंसारी, शाहबाज खान, ऋतिक राणा, राजा तुरी, सप्पू महतो, अरुण दास, विष्णुदेव विश्वकर्मा संग अन्य उपस्थित थे.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

युवराज सिंह, स्वराज सिंह
सामाजिक सिंह कार्यकर्ता के बेटे

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
abhiyan ply
ABHIYAN MARKETING
PLYWOOD - BLOCK BOARD
FLUSH DOOR & HARDWARE FITTINGS
अभियान प्लाई

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन पंडित
प्रधानाचार्य
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
तारापुर
प्रखंड-गावां, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ब्याश यादव
समाज सेवक व गरीबो के शुभचिंतक
पारबेलियाकोलियरी, पो नितुरिया, पुरुलिया

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू राय
ऑपरेटर पीएम आवास
प्रखंड-गावां, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजत मानिक बाखला
निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
निरसा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमलता कुमारी
मुखिया झींझी पहाड़ी पंचायत
बाघमारा प्रखंड
गणेश महतो
मुखिया प्रतिनिधि सह
भाजपा नेता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष रवि
प्रभारी
रामकनाली ओपी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Kids garden school
Indian independence day
FLAG
HOSTING CEREMONY
Management: Rajesh yadav
Teacher- In - Charge: Jyoti Shaw

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरके अर्थ रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, एना कोलियरी, कुसुंडा क्षेत्र-VI

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रूपेश कुमार दुबे
प्रभारी ईस्ट बसुरिया ओपी
(बाघमारा)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अनुप कुमार सिंह
ओ पी प्रभारी, भाटडीह, बाघमारा अनुमण्डल, जिला धनबाद (झारखण्ड)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गिरजानन्द किस्कु
अंचल अधिकारी
बाघमारा, जिला धनबाद
(झारखण्ड)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री कुमार राजीव
प्रभारी, निरिक्षक
रे0सु0ब0 थाना, महुदा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू चौहान
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं
युवाओं की पुकार युवाओं की
आवाज माथाबाँध बाघमारा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ASHA I.T.I
M.: 8434755550
7485008962
Bastacolla, Jharia Road, Dhanbad

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो अमीर हमजा
अंचल अधिकारी
अंचल-बेंगाबाद, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देव शर्मा प्रदेश
उपाध्यक्ष झारखंड युवा कॉंग्रेस, सह केंद्रीय अध्यक्ष युवा लायंस फ़ोर्स

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय प्रताप सिंह
श्रीराम सेना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
सह समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बोधनारायन सिंह
कोयला मज़दूर कांग्रेस सेंट्रल कमिटि के कोषाध्यक्ष सह सोदपुर एरिया क्षेत्र के के एम सी का जीई सी सी मेंबर। पारबेलिया कोलियरी नितुरिया, पुरुलिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन बैठा
वरीष्ट समाजसेवी, गांडेय विधानसभा क्षेत्र, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार सिंह
थाना प्रभारी
थाना-बेंगाबाद, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय मुर्मू
राजस्व कर्मचारी
अंचल-बेंगाबाद, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राजकुमार अग्रवाल
अध्यक्ष मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट झरिया। संचालित संस्थाएं अग्रसेन भवन, मारवाड़ी उच्च विद्यालय, मातृ सदन अस्पताल, बालिका विद्या मंदिर, महिला महाविद्यालय, अग्रसेन एकेडमी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार मुर्मू
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड-बेंगाबाद, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ सुनीता कांडेयांग
कृषि विज्ञान केंद्र,टोपैया
प्रखंड-बेंगाबाद, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वरुण कुमार
परियोजना पदाधिकारी अग्र परियोजना केंद्र, बेंगाबाद, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील बास्के
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
प्रखंड-बेंगाबाद जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पारसनाथ अल्ट्रासाउंड
पी एन कॉलेज कॉलोनी, डुमरी
प्रखंड-डुमरी,
जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र कुमार
थाना प्रभारी मधुबन धनबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक तिवारी
सचिव बाघमारा प्रखंड
भाजपा युवा नेता कोयरीडीह कतरास
भाजपा जिंदाबाद सुभाष राय
जिंदाबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामजीत टुडू
सचिव बाघमारा प्रखंड
सोनोत संथाल समाज सह वरिष्ठ
झामुमो नेता बरोरा

# अभिषेक मोदक ने टूथपिक पर बनाया देश का सबसे छोटा तिरंगा

मनोज नियोगी



**बराकर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का दिन देशवासियों के लिए गर्व और उत्साह का पर्व है। हर वर्ष की तरह इस बार भी देश अपना स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश और उमंग के साथ मना रहा है। स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और भारत सरकार के "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत देश के कोने-कोने में लोग अपने घरों और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहरा रहे हैं। इसी देशभक्ति के माहौल के बीच पश्चिम बंगाल के आसनसोल बराकर बेगुनिया के 23 वर्षीय अभिषेक मोदक ने अपनी अनूठी कला से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। अभिषेक, जो 12वीं पास करने के बाद सीएमए की पढ़ाई कर रहे हैं, ने टूथपिक पर मात्र 0.1 सेंटीमीटर का राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया है। यह ध्वज आकार में बेहद छोटा होने के बावजूद सभी रंगों और स्वरूप में पूरी तरह सटीक है, और इसे अब तक का टूथपिक पर बना देश का सबसे छोटा तिरंगा माना जा रहा है। इससे पहले अभिषेक 0.5 सेंटीमीटर के चावल के दाने (लंबाई 6 मिमी, चौड़ाई 4 मिमी) और 1 सेंटीमीटर लंबी पेंसिल पर भी राष्ट्रीय ध्वज बना चुके हैं। अभिषेक बताते हैं कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान माइक्रो आर्ट बनाना शुरू किया था। घर में खाली समय का उपयोग करते हुए उन्होंने एक के बाद एक कई अनोखी कलाकृतियां तैयार कीं। उनकी कलाकृतियों ने न केवल आसनसोल बल्कि पूरे राज्य में लोगों का दिल जीता। वह हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अलग और अनूठे तरीके से राष्ट्रीय ध्वज बनाकर देशभक्ति प्रदर्शित करते हैं। इस वर्ष का उनका यह प्रयास उनकी कला के प्रति समर्पण और देश के प्रति प्रेम दोनों को दर्शाता है। उनकी यह कला बेहद कठिन और धैर्यपूर्ण काम है, क्योंकि इतने छोटे आकार में तिरंगे के सभी रंगों और डिजाइन को उकेरना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। अभिषेक का मानना है कि देशभक्ति का प्रदर्शन केवल बड़े मंचों पर नहीं, बल्कि छोटे से छोटे कार्य में भी किया जा सकता है, बशर्ते उसमें सच्ची भावना हो। अभिषेक के पिता रंजीत मोदक बराकर में होटल संचालित करते हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं और घर का सारा कार्य संभालती हैं। उनकी बहन कुलटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। परिवार के सभी सदस्य अभिषेक के इस कार्य में पूरा सहयोग करते हैं। अभिषेक कहते हैं कि उनके परिवार का साथ और प्रोत्साहन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। अभिषेक की यह अनूठी कला उन्हें समाज में एक अलग पहचान और सम्मान दिला चुकी है। टूथपिक, चावल के दाने और पेंसिल पर तिरंगा बनाकर उन्होंने यह साबित किया है कि देशभक्ति व्यक्त करने के लिए आकार नहीं, बल्कि दिल में बसी भावना सबसे अहम होती है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मीरा कुमारी, मुखिया
ग्राम पंचायत तेलमोचो प्रखण्ड बाघमारा, जिला धनबाद
शिबु महतो, प्रतिनिधि

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुनिता देवी मुखिया
ग्राम पंचायत लोहापट्टी
रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी
अंचल सचिव, अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ, अंचल बाघमारा जिला धनबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
धनेश्वर महतो महामंत्री भाजपा जिला धनबाद झारखण्ड
रिंकु देवी मुखिया
ग्राम पंचायत काण्डरा, बाघमारा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नकुल प्रसाद यादव
प्रधानाचार्य
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बगजन्त
प्रखंड-गावां, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कुमार वीरेंद्र अकेला
प्रधानाचार्य
प्राथमिक विद्यालय गदर हिंदी
प्रखंड-गावां, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
प्रधानाचार्य
उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाडीह
प्रखंड-गावां, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
महामिलन रिसॉर्ट लोहापट्टी
संजय सिंह संस्थापक सह संचालक
हराधन महतो सहयोगी
महुदा, जिला धनबाद, झारखण्ड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आशा देवी
मुखिया
पंचायत-चंदोरी
प्रखंड-तिसरी, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
लखन कुमार
प्रधानाचार्य
उत्क्रमित मध्य विद्यालय,आरागारो
प्रखंड-गावां, जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गजेंद्र पंडित
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, टोडलखार
प्रखंड-गावां,जिला-गिरिडीह

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नागेश्वर मोदी
उपाध्यक्ष
कोलियरी मजदूर कांग्रेस(एच एम एस)
रानीपुर कोलियरी,पो नारायणपुर, पुरुलिया

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
PINKY FOUNDATION
AKHAND BHARAT SC.ST.OBC.MINORITY JOINT FORUM

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रबी चौबे
MADAD FOUNDATION (NGO)
Registered under 12A, 80G, NITI Aayog & CSR

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
